# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
# Central Sanskrit University
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित/Established by An Act of Parliament)
## जयपुर परिसर, जयपुर (राज.)-302018
(Jaipur Campus, Jaipur (Raj.)-302018)


क्रमांक.- के.सं.वि.ज./छात्र अनुभाग/प्रवेश/2026-27/1356 दिनांकः- 29.07.2026

## अधिसूचना/Notification

शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु एल.एल.बी. (ऑनर्स) (भारतीय विधिशास्त्र) कार्यक्रम में प्रथम प्रवेश मेरिट सूची के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त विभिन्न श्रेणियों में कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। अतः विश्वविद्यालय के प्रचलित प्रवेश नियमों, अनुमोदित श्रेणीवार सीट मैट्रिक्स तथा प्रवेश समिति की संस्तुति के आधार पर प्रथम प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु चयनित किया जाता है।

| S. No | Application Form number | Name | Father's Name | Applied Category | Written Marks (60 Marks) | Viva-Voce Total obtained (40 Marks) | Total Marks (100 Marks) | ALLOTED CATEGORY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CSU260001333 | ANKITA SHARMA | RAJENDRA PRASAD SHARMA | GENERAL | 53 | 29 | 82 | MODERN -UR |
| 2 | CSU260002150 | AMAR PRAKASH | LATE SH RAM SHARAN DASS | GENERAL | 45 | 33 | 78 | MODERN -UR |
| 3 | CSU260003263 | BHAWANI SINGH | RAM NIWAS | SC | 43 | 28 | 71 | MODERN-SC |
| 4 | CSU260003596 | MATTEGUNTA KIRAN DASARANNA | MATTEGUNTA SAMUEL | GENERAL | 32 | 33 | 65 | MODERN-UR |

Note: - उपर्युक्त चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक **30.07.2026 से 03.08.2026 (साप्ताहिक अवकाश छोड़कर) (कार्यालय समय में)** तक शैक्षणिक भवन के कक्ष संख्या 117 में अधोलिखित मूल प्रमाण-पत्रों सहित **दस्तावेज़ सत्यापन** (Document Verification) हेतु उपस्थित हों।

1. ऑनलाइन आवेदन-पत्र (Application Form) की प्रति।
2. कक्षा 10वीं की अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।
3. कक्षा 12वीं की अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र।
4. स्नातक/शास्त्री/शास्त्री प्रतिष्ठा अथवा समकक्ष परीक्षा की समस्त अंकतालिकाएँ एवं उपाधि/डिग्री।
5. मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (Transfer Certificate - TC)।
6. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र (Character Certificate - CC)।
7. मूल प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate), जहाँ लागू हो।
8. जाति प्रमाण-पत्र (SC/ST/OBC-NCL), जहाँ लागू हो। (OBC-NCL प्रमाण-पत्र प्रवेश वर्ष 2026-27 हेतु जारी एवं वैध होना चाहिए।)
9. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हो। (प्रवेश वर्ष 2026-27 हेतु जारी एवं वैध।)
10. आधार कार्ड।
11. ABC ID / APAAR ID।


दूरभाष/Phone: 0141-2761115, 2760686 (कार्यालय), 2761236 (निदेशक), 3510119 (परीक्षा)
ई-मेल/E-mail: director-jaipur@sanskrit.ac.in, वेबसाईट/Website: www.csu-jaipur.edu.in, www.sanskrit.nic.in

12. उपस्थिति एवं विश्वविद्यालय के नियमों के पालन संबंधी शपथ-पत्र (Undertaking) ₹50/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर।
13. Anti-Ragging Undertaking (विद्यार्थी एवं अभिभावक दोनों द्वारा हस्ताक्षरित) ।

महत्वपूर्ण निर्देश (Important Instructions)

1. सभी मूल प्रमाण-पत्र दस्तावेज़ सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (TC), चरित्र प्रमाण-पत्र (CC) एवं प्रव्रजन प्रमाण-पत्र (Migration Certificate), जहाँ लागू हो, विश्वविद्यालय में मूल रूप से जमा कराए जाएंगे।
3. अन्य मूल प्रमाण-पत्र सत्यापन उपरान्त अभ्यर्थी को वापस कर दिए जाएंगे।
4. यदि किसी भी दस्तावेज़ में असत्य, अपूर्ण अथवा भ्रामक जानकारी पाई जाती है, तो अभ्यर्थी का प्रवेश किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
5. निर्धारित तिथि एवं समय पर दस्तावेज़ सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क जमा न करने की स्थिति में अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा तथा रिक्त सीट के विरुद्ध अगले पात्र अभ्यर्थी को अवसर प्रदान किया जाएगा।


योऽनूचानः स नो महान्।
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः


29/7/26
(प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय)
(Prof. Vishnu Kant Pandey)
निदेशक (प्रभारी)/Director I/c

संलग्नक/Encl.:

1. शपथ पत्र का प्रारूप।

प्रतिलिपि एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु/Copy for information and necessary action-

1. सह-निदेशक (प्रशा./शैक्ष.) कार्यालय, जयपुर परिसर।
2. नोटिस बोर्ड/परिसर वेबसाइट।
3. प्रशासन विभाग।
4. संबंधित संचिका।

29/7/26
निदेशक (प्रभारी)/Director I/c

# छात्र घोषणा-पत्र / UNDERTAKING

## शैक्षणिक सत्र : 2026-27

मैं ..............................................................पुत्र/पुत्री....................................................., कक्षा......................................................, शैक्षणिक सत्र .................., में प्रवेश प्राप्त कर रहा/रही हूँ।

मैं निम्नलिखित घोषणा करता/करती हूँ कि—

1. मैं विश्वविद्यालय के अधिनियम, अध्यादेश, नियम, विनियम, दिशा-निर्देश तथा समय-समय पर जारी आदेशों का पूर्णतः पालन करूँगा/करूँगी।
2. मैं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहूँगा/रहूँगी तथा न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखूँगा/रखूँगी। मुझे ज्ञात है कि यदि मेरी उपस्थिति विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम सीमा से कम रहती है, तो विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार मुझे सेमेस्टर/सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
3. यदि मेरे द्वारा विश्वविद्यालय के किसी भी अधिनियम, अध्यादेश, नियम, विनियम अथवा अनुशासन संबंधी निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा की जाने वाली समस्त प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।
4. मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं किसी भी प्रकार की रैगिंग (Ragging) में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित नहीं होऊँगा/होऊँगी तथा रैगिंग को बढ़ावा नहीं दूँगा/दूँगी। मुझे ज्ञात है कि रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है तथा रैगिंग से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा दोषसिद्धि की स्थिति में विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) एवं शासन द्वारा निर्धारित दण्डात्मक कार्यवाही मेरे विरुद्ध की जा सकती है।
5. मैं विश्वविद्यालय की सम्पत्ति, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रावास एवं अन्य संसाधनों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी तथा मेरे द्वारा किसी प्रकार की क्षति पहुँचाए जाने पर विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार उत्तरदायित्व स्वीकार करूँगा/करूँगी।
6. मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर में प्रवेश प्राप्त करने के उपरान्त मैं किसी अन्य विश्वविद्यालय, महाविद्यालय अथवा शिक्षण संस्थान के किसी नियमित (Regular) पाठ्यक्रम में प्रवेश ग्रहण नहीं करूँगा/करूँगी तथा किसी भी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी, स्वायत्तशासी अथवा निजी संस्था/संगठन में नियमित रूप से कार्यरत (Regular Employment) नहीं रहूँगा/रहूँगी। यदि भविष्य में यह तथ्य प्रकाश में आता है कि मैं किसी अन्य नियमित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत अथवा किसी संस्था में नियमित रूप से कार्यरत हूँ, तो विश्वविद्यालय मेरे प्रवेश को निरस्त करने तथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा।
7. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि प्रवेश हेतु प्रस्तुत सभी अभिलेख, प्रमाण-पत्र एवं अन्य जानकारी सत्य, सही एवं वैध हैं। यदि किसी भी स्तर पर कोई तथ्य असत्य, अपूर्ण अथवा भ्रामक पाया जाता है, तो मेरा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा की जाने वाली समस्त कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।
8. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी सभी अधिसूचनाओं, आदेशों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करना मेरे लिए अनिवार्य होगा तथा मैं उनका पूर्णतः अनुपालन करूँगा/करूँगी।

मैं यह घोषणा स्वेच्छा से एवं पूर्ण होशोहवास में कर रहा/रही हूँ तथा उपर्युक्त सभी शर्तों को स्वीकार करता/करती हूँ।

दिनांक : ________________

स्थान : ___________________

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

नाम : _____________________________

आवेदन संख्या : ____________________

मोबाइल नं. : ______________________

<u>अभिभावक की सहमति</u>

मैं, ______________________________________, उपर्युक्त अभ्यर्थी का माता/पिता/अभिभावक, इस घोषणा-पत्र में वर्णित सभी शर्तों से सहमत हूँ तथा अपने पाल्य को विश्वविद्यालय के नियमों एवं अनुशासन का पालन करने हेतु प्रेरित एवं बाध्य करूँगा/करूँगी।

दिनांक : ________________

**अभिभावक के हस्ताक्षर**

नाम : _____________________________

मोबाइल नं. : ______________________